मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

**आवश्यक सूचना**

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक (B.Tech/BBA/B.Pharma) के समस्त छात्र/छात्राओ को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के विषम समेस्टर मे पंजीयन निम्नानुसार होना निर्धारित हैं :

| क्र0स0 | कोर्स एवं सेमेस्टर | पंजीयन/फीस जमा हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | B.Tech/BBA/B.Pharma<br>द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ष (सेमेस्टर 3rd/5th/7th) | **1 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025** |
| 02 | विलम्ब शुल्क के साथ पंजीयन हेतु अन्तिम तिथि | **11 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025** |

उक्त क्रम में छात्रों को निम्नवत् सूचित किया जाता है:

01. छात्रों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष हेतु निर्धारित फीस धनराशि विषम सेमेस्टर में विश्वविद्यालय नियमानुसार एक मुश्त जमा किया जाना अनिवार्य है।
02. निर्धारित तिथियों में सम्पूर्ण फीस धनराशि जमा नहीं करने पर रू0 3000.00 विलम्ब शुल्क छात्रों को अतिरिक्त देय होगा।
03. एस0सी0/एस0टी0 कैटेगरी के छात्र जिनके अभिभावक की आय रू0 2.00 लाख से कम है उनको शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार समाज कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति प्राप्त होने पर फीस जमा करने की अनुमति बिना किसी विलम्ब शुल्क के साथ प्रदान किया जाएगा, जिस हेतु छात्रों द्वारा लिखित आवेदन शैक्षणिक अनुभाग में प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त छात्रों द्वारा पंजीयन के समय रू 100.00 पंजीयन शुल्क जमा करते हुए पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण किया जाएगा। PMSS कैटेगरी के छात्रों को भी रू 100.00 पंजीयन शुल्क के साथ पंजीयन की अनुमति प्रदान किया जाएगा।
04. सभी छात्र/छात्राओं को निर्धारित तिथियों में पंजीयन कराना आवश्यक है।

उपरोक्तानुसार समस्त छात्र/छात्राओं से अपेक्षा है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

27/06/25

**(प्रो0 वी0 के0 मिश्र)**
**अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन**

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/अधि0स्0अ0/INC_140/2313/2025 दिनांक : 27.06.2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. समस्त विभागाध्यक्ष/वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक।
2. वेब मास्टर को वेबसाइट पर उपरोक्तानुसार अपलोड किये जाने हेतु।
3. वै0 सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।

**(प्रो0 वी0 के0 मिश्र)**
**अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन**